हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 17 अगस्त 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचारः

1. केंद्र सरकार विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए बैंकिंग सुधार पर जल्दी ही उच्चस्तरीय समिति गठित करेगी।

2. हरियाणा सरकार ने प्रदेश के प्रत्येक औद्योगिक प्रतिष्ठान में प्रतिदिन पांच मिनट का योग ब्रेक सुनिश्चित करने की पहल की।

3. राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी एनटीए ने यूजीसी-नेट परीक्षा के अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र के तीन पेपर दोबारा लेने की घोषणा की।

4. हर घर तिरंगा अभियान के आखिरी दिन होडल में तिरंगा यात्रा निकाली गई- चंडीगढ़ में समापन समारोह का आयोजन।

5. भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पार्टी के नए राष्ट्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की- हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने राष्ट्रीय संगठन में हरियाणा को मिले प्रतिनिधित्व के लिए आभार जताया।

***********************************************************************

केंद्र सरकार विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए बैंकिंग सुधार पर जल्दी ही उच्चस्तरीय समिति गठित करेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज नई दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों के दो दिन के सम्मेलन के उद्घाटन के बाद कहा कि यह समिति विभिन्न मुद्दों और अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए बैंकिंग सुधार के लिए भावी कार्य दिशा तय करेगी।

*<u>पहले से उपलब्ध शोध दस्तावेजों से समिति को चर्चा के लिए जरूरी ठोस जानकारी प्राप्त होंगे। समिति के विचारों और सुझावों से स्पष्ट होगा कि देश को 'विकसित भारत' की दिशा में किस तरह आगे बढाना चाहती है और इसमें बैंकों की क्या भूमिका होगी।</u>*

वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय बैंक इस समय मजबूत स्थिति में हैं। डूबे कर्ज की स्थिति निम्नतम स्तर पर होने के कारण भविष्य के सुधारों के लिए मजबूत आधार उपलब्ध है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उच्च स्तरीय समिति से सिफारिशें मिलने के बाद सरकार और बैंकिंग क्षेत्र भारत की आर्थिक वृद्धि को तेज़ गति देने में सक्षम होंगे।

*******************************************************************

हरियाणा सरकार ने प्रदेश के प्रत्येक औद्योगिक प्रतिष्ठान में प्रतिदिन पांच मिनट का योग ब्रेक सुनिश्चित करने के लिए समयबद्ध पहल की है। इसके तहत प्रत्येक औद्योगिक इकाई में योग शिविर एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे।

आयुष विभाग ने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग को पत्र लिखकर हरियाणा के सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं औद्योगिक संघों तक इस एडवाइजरी को पहुंचाने तथा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार इसे समयबद्ध ढंग से लागू करने के निर्देश दिए हैं।

आयुष विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि एक माह के भीतर शिफ्ट में संचालित होने वाली औद्योगिक इकाइयों में शिफ्ट में प्रत्येक 50 कर्मचारियों पर कम से कम एक कर्मचारी को योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो कार्यस्थल पर योग सत्रों का संचालन करेगा। योग ब्रेक में कर्मचारियों की भागीदारी स्वैच्छिक रहेगी।

यह पहल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की वर्ष 2026-27 की बजट घोषणा के अनुरूप है।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक जिले में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, जिला आयुर्वेद अधिकारी के साथ तालमेल कर योग शिविरों और प्रशिक्षण सत्रों का कार्यक्रम तैयार करेंगे।

***********************************************

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी एनटीए ने आज यूजीसी-नेट परीक्षा, अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र की तीन पेपर दोबारा लेने की घोषणा की। यह निर्णय इन पेपर में कई गलतियों की शिकायतें मिलने के बाद लिया गया है।

एनटीए ने कहा कि अंग्रेजी का पेपर 9 सितंबर को पहली पाली में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे और कॉमर्स का पेपर उसी दिन दूसरी पाली में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक लिया जाएगा। जबकि समाजशास्त्र का पेपर 10 सितंबर को पहली पाली में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा।

एनटीए ने इन त्रुटियों की जांच करने के लिए एक समिति का गठन किया था। समिति ने इन तीन पेपर को फिर से लेने की सिफारिश की थी।

***********************************************

हर घर तिरंगा अभियान के तहत पलवल जिला प्रशासन के तत्वावधान में होडल में आज तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा होडल के जाट हाई स्कूल से शुरू होकर सती सरोवर पर सम्पन्न हुई। लोग  हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जय,वंदे मातरम का जयघोष करते हुए तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।तिरंगा यात्रा में होडल के विधायक हरेंद्र सिंह,प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष दीपक मंगला,पूर्व मंत्री हर्ष कुमार एवं उपायुक्त जयेंद्र सिंह छिल्लर मौजूद रहे।

मीडिया से बातचीत में विधायक हरेंद्र सिंह ने कहा कि आज तिरंगा यात्रा के माध्यम से हजारों लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर ब्रज क्षेत्र की भूमि होडल से पूरे देश तक राष्ट्रीय एकता, अखंडता, भाईचारे और राष्ट्र प्रेम का संदेश पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान, समर्पण और देशभक्ति की सामूहिक अभिव्यक्ति है।

मीडिया के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक मंगला ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस के नेताओं के व्यवहार की निंदा की।

*********************************************************************

देश भर में 9 अगस्त को शुरू हुआ  हर घर तिरंगा अभियान  आज  संपन्न हो रहा है। इस दौरान चंडीगढ़ में तिरंगा यात्राओं के अलावा कई  कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। केंद्र शासित प्रदेश  चंडीगढ़  के सांस्कृतिक कार्य विभाग एवं पर्यटन विभाग द्वारा आज अभियान के आखिरी दिन शाम को  समापन समारोह का आयोजन किया गया है।
चंडीगढ़ के 42 सेक्टर स्थित न्यू लेक में इस समय चल रहे कार्यक्रम की  अध्यक्षता पंजाब के राज्यपाल एंव चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया कर रहे हैं।

*********************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आज पार्टी के नए राष्ट्रीय पदाधिकारियों की घोषणा की।
हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने सभी नवनियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

डॉ. अर्चना गुप्ता ने राष्ट्रीय संगठन में हरियाणा को मिले प्रतिनिधित्व के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा भाजपा प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनिया तथा हरियाणा से राज्यसभा सांसद संजय भाटिया को राष्ट्रीय महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना प्रदेश के लिए सम्मान की बात है।

*********************************************************************

पंचकुला सेक्टर-9 स्थित आयुष डिस्पेंसरी में आज चरक जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मरीजों को आयुर्वेद को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

आयुष विभाग में आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. सांत्वना ने चरक जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान चरक ने स्वस्थ जीवनशैली, उचित आहार-विहार और रोगों की रोकथाम पर विशेष बल दिया।

उन्होंने कहा कि आयुर्वेद केवल रोगों का उपचार करने की पद्धति नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ जीवन जीने की एक संपूर्ण जीवनशैली है। आयुर्वेद का उद्देश्य व्यक्ति को स्वस्थ रखना तथा रोग होने पर शरीर की प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना है।

*****************************************************************

राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ने साइबर कुश्ती-2026 नामक एक राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता हैकाथॉन का शुभारंभ किया है। इसका उद्देश्य साइबर सुरक्षा आकलन में मानवीय निर्णय क्षमता का परीक्षण और उसे मान्यता प्रदान करना है।साइबर कुश्ती के लिए कल से शुरू हुआ पंजीकरण अगले महीने की 10 तारीख तक जारी रहेगा।

**********************************************************************